**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

**राज्यपाल ने किया पी0पी0एस0 रिटायर्ड आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन के वार्षिक अधिवेशन का उद्घाटन**
**सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक जीवन में सक्रिय बने रहें - श्री नाईक**

लखनऊः 29 अक्टूबर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने कहा कि पुलिस सेवा समाज की दृष्टि से महत्वपूर्ण सेवा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा तथा कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने की महत्वूपर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसलिए पुलिस विभाग सामाजिक व्यवस्था की रीढ़ है। राज्यपाल ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद आप सभी लोग समाज के भले के लिए कार्य कर रहे हैं यह अत्यन्त सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इससे आपका और दूसरों का कल्याण होता है।

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक आज पी0पी0एस0 (रिटायर्ड) आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन के 9वें वार्षिक अधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति समस्या न बने इसलिए आप सभी लोग सामाजिक जीवन में सक्रिय बने रहें। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए जागृत एवं सक्रिय रहना पड़ता है। शरीर को स्वस्थ एवं मन को शांत रखने के लिए नियमित रूप से व्यायाम एवं योग करते रहे तथा सामाजिक संगठनों में सक्रियता से भाग लें। राज्यपाल ने कहा कि अपने को अनुशासित रखते हुए रूचि के अनुसार काम करके खुशहाल जीवन बितायें। उन्होंने कहा कि इससे सेवानिवृत्ति के बाद जो रिक्तता हुई है उसका अहसास नहीं होगा तथा समय का सही सदुपयोग भी होता रहेगा।

राज्यपाल ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि यदि मैं नौकरी करता तो आज मैं भी रिटायर हो गया होता क्योंकि मेरी उम्र भी 83 वर्ष है। उन्होंने कहा कि हम सभी का जीवन मोटर कार की बैटरी जैसा है, जितनी गाड़ी चलेगी उतनी ही बैटरी चार्ज होती रहेगी। इसलिए मैं आज भी काम करता हूँ। काम करने से शरीर भी स्वस्थ रहता है। राज्यपाल ने कहा कि कई प्रकार के दान होते हैं जैसे रक्तदान, देहदान, नेत्रदान। इसी प्रकार सेवादान भी है। सेवादान करके अपने सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़ते रहिए। यह सामाजिक प्रगति का लक्षण है कि औसत मृत्यु आयु में वृद्धि हो रही है। राज्यपाल ने अपनी पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' का संदेश बताते हुए कहा कि जीवन में सदैव चलते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति खड़ा होता है उसका भाग्य खड़ा रहता है, जो सोया रहता है उसका भाग्य भी सो जाता है तथा जो चलता रहता है उसका भाग्य भी सदैव चलता रहता है। इसलिए सदैव सूरज की गति से चलते रहो-चलते रहो।

श्री नाईक ने इस अवसर पर पी0पी0एस0 (रिटायर्ड) आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा असाधारण पेंशन के पुनरीक्षण संबंधी नियमों में संशोधन एवं संशोधित वेतनमान के अनुसार एरियर के भुगतान विषय पर मुख्यमंत्री से शीघ्र विचार विनिमय करने का आश्वासन दिया। उन्होंने श्री नन्दलाल सिंह को पेंशन की स्वीकृति एवं सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक श्री धीरज सिंह की बकाया पेंशन की धनराशि पर चक्रवृद्धि ब्याज देने के उच्च न्यायालय के निर्णय को गंभीरता से पालन करने के लिए पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया। पुलिस महानिदेशक श्री सुलखान सिंह ने रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों के लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भर्ती पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए भी रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों का सहयोग लिया जाएगा तथा सम्मानजनक मानदेय के साथ-साथ उनके आने-जाने की भी उचित व्यवस्था की जाएगी। एसोसिएशन द्वारा इस अवसर पर राज्यपाल को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने वार्षिक अधिवेशन का शुभारम्भ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। राज्यपाल ने एसोसिएशन की स्मारिका एवं टेलीफोन डायरेक्टरी का भी विमोचन किया।

------

अंजुम/ललित/राजभवन (412/32)


(रिटायर्ड)
वार्षिक
29


(रिटायर्ड) आफीसर्स वेलफेयर एसोसिएशन,
श्री राम अरुण
श्री ईश्वर चन्द्र द्विवेदी


पी.पी.एस. (रिटायर्ड) आफीसर्स वेलफेयर एसोसिएशन, उ0प्र0
वार्षिक अधिवेशन
29 अक्टूबर, 2017


पी.पी.एस. (रिटायर्ड) आफीसर्स वेलफेयर एसोसिएशन, उ0प्र0
वार्षिक अधिवेशन
मुख्य अतिथि - श्री राम नाईक, माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
श्री श्रीराम अरुण
माननीय श्री राज्यपाल
उत्तर प्रदेश
श्री ईश्वर चन्द्र द्विवेदी